भारत सरकार

आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 3189

06 अगस्त, 2026 को उत्तर दिए जाने के लिए

दीनदयाल जन आजीविका योजना-शहरी के अंतर्गत ऋण आवेदन

†3189. **श्री जी. लक्ष्मीनारायणः**

क्या **आवासन और शहरी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) दीनदयाल जन आजीविका योजना-शहरी (डीजेएवाई-एस) की शुरुआत के बाद से इसके अंतर्गत अब तक शहरी स्थानीय निकायों (यूएलबी) द्वारा प्रायोजित स्वीकृत**,** अस्वीकृत**,** लंबित मूल्यांकन और अनुमोदन के बाद संवितरित नहीं किए गए उद्यम ऋण आवेदनों का आन्ध्र प्रदेश के लिए राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार और जिला-वार ब्यौरा क्या है**;**

(ख) डीजेएवाई-एस के प्रारंभ से लेकर अब तक आवेदन की गई**,** स्वीकृत की गई और संवितरित नहीं की गई ऋण राशि का आन्ध्र प्रदेश के लिए जिला-वार सहित वर्ष-वार और राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है**;** और

(ग) आन्ध्र प्रदेश में ऋण प्रवाह में सुधार लाने**,** लंबित मामलों को कम करने और बैंक स्तर की बाधाओं को दूर करने के लिए राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति (एसएलबीसी) के समन्वय से किए गए उपायों सहित छह कमजोर व्यावसायिक समूहों (वीओजी) से संबन्धित लाभार्थियों का जिला-वार ब्यौरा क्या है**?**

उत्तर

आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री

(श्री तोखन साहू)

(क): दीनदयाल जन आजीविका योजना -शहरी (डीजेएवाई-एस) एक पायलट पहल थी, जिसे 1 अक्टूबर, 2024 से 13 राज्यों के 25 चयनित शहरों में कार्यान्वित किया गया। इस पहल का उद्देश्य अन्य घटकों के साथ-साथ 6 असुरक्षित व्यावसायिक समूहों (वीओजी), अर्थात् गिग कर्मियों, परिवहन कर्मियों, निर्माण क्षेत्र के कर्मियों, स्वच्छता कर्मियों, परिचर्या तथा गृह कर्मियों पर विशेष ध्यान केंद्रित करना था। आंध्र प्रदेश में विजयवाड़ा एवं विशाखापत्तनम की पायलट शहरों के रूप में पहचान की गई थी। पायलट चरण में क्षेत्रीय स्तर पर मांग का आकलन करने के उद्देश्य से ऋण आवेदन आमंत्रित किए गए। 25 शहरों से कुल 5,424 ऋण आवेदन प्राप्त

हुए। पायलट ऋण वितरण 11 जुलाई, 2025 से प्रारंभ हुआ। पायलट का समापन दिनांक 31.12.2025 को हुआ। रिकॉर्ड के अनुसार, दीनदयाल जन आजीविका योजना-शहरी (डीजेएवाई-एस) के अंतर्गत राज्य-वार ऋणों का विवरण **अनुलग्नक-I** में दिया गया है।

(ख): डीजेएवाई-एस के अंतर्गत आंध्र प्रदेश सहित, पायलट परियोजना के दौरान ऋण का राज्य-वार ब्यौरा अनुलग्नक-II में दिया गया है।

(ग): आन्ध्र प्रदेश में छह असुरक्षित व्यावसायिक समूहों से संबंधित लाभार्थियों का ब्यौरा अनुलग्नक -III में दिया गया है।

राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति (एसएलबीसी) की बैठकों का आयोजन एवं समन्वय संबंधित राज्य मिशनों द्वारा किए गए थे। चूँकि यह पायलट परीक्षण चरण था, इसलिए पायलट का समापन 31 दिसंबर, 2025 को कर दिया गया।

'दीनदयाल जन आजीविका योजना - शहरी के अंतर्गत ऋण आवेदन' के विषय में दिनांक 06.08.2026 को लोकसभा में पूछे जाने वाले प्रश्न संख्या 3189 के उत्तर के भाग (क) के लिए उल्लिखित अनुलग्नक-I

डीजेएवाई-एस के अंतर्गत पायलट शहरों में ऋणों का राज्य- वार विस्तृत विवरण

राज्य का नाम	स्वीकृत ऋण आवेदनों की संख्या	संवितरित ऋण आवेदनों की संख्या	अस्वीकृत ऋण आवेदनों की संख्या
आंध्र प्रदेश	20	12	32
असम	41	29	64
बिहार	6	2	4
गुजरात	136	96	47
हिमाचल प्रदेश	4	2	-
केरल	27	23	4
मध्य प्रदेश	123	77	138
मिजोरम	0	0	-
ओडिशा	101	52	66
तमिलनाडु	149	100	77
त्रिपुरा	14	12	4
उत्तर प्रदेश	85	49	35
पश्चिम बंगाल	91	59	30
कुल	**797**	**513**	**501**

आंध्र प्रदेश के शहरों के संबंध में ऋण का विस्तृत विवरण

पायलट सिटी/यूएलबी	स्वीकृत ऋण आवेदनों की संख्या	संवितरित ऋण आवेदनों की संख्या	अस्वीकृत ऋण आवेदनों की संख्या
विजयवाड़ा	20	12	2
विशाखापत्तनम	0	0	29
कुल	20	12	31

'दीनदयाल जन आजीविका योजना - शहरी के अंतर्गत ऋण आवेदन' के विषय में दिनांक 06.08.2026 को लोक सभा में पूछे जाने वाले प्रश्न संख्या 3189 के उत्तर के भाग (ख) के लिए उल्लिखित अनुलग्नक-II

डीजेएवाई-एस के अंतर्गत पायलट शहरों में ऋण की राशि का राज्य-वार विस्तृत विवरण

राज्य	**आवेदित ऋण राशि (लाख रुपये में)**	**स्वीकृत राशि (लाख रुपये में)**	**संवितरित राशि (लाख रुपये में)**
आंध्र प्रदेश	313.49	7.6	1.8
असम	884.44	27.44	18.09
बिहार	101.83	8.06	3.50
गुजरात	1106.64	185.05	131.72
हिमाचल प्रदेश	43.5	10	5.90
केरल	315.66	60.49	47.28
मध्य प्रदेश	1583.17	149.76	84.1
मिजोरम	149.30	-	-
ओडिशा	789.22	72.44	31.65
तमिलनाडु	392.65	93.14	61.79
त्रिपुरा	68.45	9.30	7.85
उत्तर प्रदेश	883.19	87.31	36.78
पश्चिम बंगाल	737.39	90.41	51.65
कुल	**7368.93**	**801**	**482.1**

आंध्र प्रदेश के शहरों के संबंध में ऋण राशि का विस्तृत विवरण

पायलट सिटी/यूएलबी	आवेदित ऋण राशि (लाख रुपये में)	स्वीकृत राशि (लाख रुपये में)	संवितरित राशि (लाख रुपये में)
विजयवाड़ा	153.74	7.60	1.80
विशाखापत्तनम	159.75	-	-
कुल	313.49	7.60	1.80

'दीनदयाल जन आजीविका योजना - शहरी के अंतर्गत ऋण आवेदन' के विषय में दिनांक 06.08.2026 को लोकसभा में पूछे जाने वाले प्रश्न संख्या 3189 के उत्तर के भाग (ग) के लिए उल्लिखित अनुलग्नक-III

आंध्र प्रदेश में वीओजी लाभार्थियों का विवरण

पायलट सिटी/यूएलबी	**परिचर्या कर्मी**	**निर्माण क्षेत्र के कर्मी**	**गृह कर्मी**	**गिग कर्मी**	**वाहन कर्मी**	**स्वच्छता कर्मी**	**कुल कर्मी**
विजयवाड़ा	3	67	16	11	113	1	211
विशाखापत्तनम	6	81	18	17	95	0	217
कुल	**9**	**148**	**34**	**28**	**208**	**1**	**428**